Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to include Bulandshahar in Regional Rapid Transit System (RRTS).

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर): बहुत-बहुत धन्यवाद आदरणीय अध्यक्ष महोदय।

अध्यक्ष महोदय, मैं बुलंदशहर लोक सभा क्षेत्र से आता हूं और बुलंदशहर लोक सभा दिल्ली एनसीआर का हिस्सा है। देश की राजधानी दिल्ली से बुलंदशहर मात्र 75 किलोमीटर की दूरी पर है। मैं पहले भी सदन में कई बार आग्रह कर चुका हूं कि मेरे यहां प्रदेश में सर्वाधिक दूध के प्लांट हैं, चार शुगर मिल्स हैं, आम की पैदावार में प्रदेश में नंबर वन पर है और दिल्ली के लिए सब्जी और फल की व्यवस्था यहां से होती है। गंगा जी के 12 पावन घाट हैं। यह एनसीआर के हिस्से में आता है, लेकिन एनसीआर के विकास से अभी तक वंचित है। मेरे यहां न तो मेट्रो की सुविधा है और न आरआरटीएस की सुविधा है।

मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से और माननीय शहरी विकास मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि आपने आरआरटीएस की सुविधा के लिए बुलंदशहर को सेकेण्ड फेज में लिया है। लेकिन बुलंदशहर का नाम उसमें कहीं मेंशन नहीं है। गाजियाबाद से खुर्जा दर्शाया गया है, जबकि हेडक्वार्टर बुलंदशहर है। मैं आग्रह करूंगा कि बुलंदशहर से होकर उसको निकाला जाए ताकि बुलंदशहर हेडक्वार्टर से वह जुड़े और वहां के लोकल लोगों को उसका लाभ मिले।

माननीय अध्यक्ष :

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भोला सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।